dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

www.delhicrimepress.com
info@delhicrimepress.com

RNI No. DELHIN/2005/15378 ● DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 ● वर्ष-22 ● 01 अक्टूबर 2026 से 31 अक्टूबर 2026 ● अंक-19 एवं 20 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-10रू

सेवा यात्रा के अनुभव जीवन की पूंजी, भारत को किताबों से नहीं गांव-गांव जाकर समझें : मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा संकल्प अभियान के सेवा यात्रियों से कहा कि यात्रा के दौरान अलग-अलग राज्यों के गांवों में लोगों से जुड़ने और सेवा कार्य करने के अनुभव उनके जीवन की अमूल्य पूंजी बनेंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत की विविधता, गांवों की संस्कृति और समाज की सेवा भावना को किताबों से पूरी तरह नहीं समझा जा सकता, इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों के बीच रहना जरूरी है। मोदी ने यात्रियों से यात्रा के अनुभवों को लिखने और दर्ज करते रहने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के तहत वडनगर से वाराणसी जाने वाले दल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद में कहा कि पिछले करीब 10-12 वर्षों में गांवों में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया है तथा शहर और गांव के बीच का अंतर काफी कम हुआ है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए यात्रियों से पूछा कि क्या उन्हें गांवों में बदलाव महसूस हो रहा है और क्या ग्रामीण भी इस बदलाव की चर्चा करते हैं। यात्रा युवाओं को इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और लोगों से सीधे संवाद करने का अवसर दे रही है। मोदी ने सेवा यात्रियों को सुरक्षा का भी ध्यान रखने की सलाह दी। संवाद के दौरान यात्रियों के भगवा साफे का उल्लेख करते हुए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, बाइक चलाते समय आप यह साफा पहनकर तो नहीं चलते होंगे? हेलमेट पहनते होंगे ना? साफा को हेलमेट मत समझ लेना। उन्होंने यात्रियों से परिवार के संपर्क में रहने, जिन क्षेत्रों से गुजरें वहां के लोगों से जुड़ने और उनके संपर्क नंबर लेने तथा वाट्सऐप समूह बनाने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद याद किया। दीनदयाल उपाध्याय के समाज जीवन में कर्तव्यों से जुड़े सात सूत्रों- सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मकता, संवेदना और संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यही सेवा संकल्प यात्रा की आत्मा हैं। गांवों में बच्चों को पढ़ाई की सामग्री देना, पौधारोपण करना, वृद्धजनों की सेवा करना, महिलाओं से संपर्क करना और युवाओं के सपनों को समझना अलग-अलग कार्य दिखाई देते हैं, लेकिन इनके पीछे मानवता को केंद्र में रखकर समाज की सेवा का भाव समान है। मोदी ने महात्मा गांधी के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ सामाजिक सुधार के लिए भी काम किया और समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लगातार आवाज उठाई। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सिर्फ अपनी ोट बैंक की तरफ ध्यान रख के सब कुछ चलता है चलने दो ऐसा नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने सफाईकर्मियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के लिए सफाई का काम करने वालों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने प्रयागराज में सफाईकर्मियों के पैर धोकर सम्मान करने की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि उनके काम से भारत का मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति का विकास समाज और देश से अलग नहीं हो सकता। समाज का विकास प्रकृति को नुकसान पहुंचाकर नहीं होना चाहिए और देश के विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा का यही भाव अंत्योदय के विचार तक ले जाता है। मोदी ने कहा कि सफलता का रास्ता छोटे-छोटे प्रयासों से बनता है और इन्हीं प्रयासों की सिद्धि से बड़े लक्ष्य हासिल होते हैं। उन्होंने सेवा यात्रियों से कहा कि यात्रा के दौरान मिले अनुभवों को लिखें और रिकॉर्ड करें, क्योंकि यात्रा समाप्त होने के बाद ये अनुभव जीवन में बहुत काम आएंगे। अभी प्रत्येक टोली में करीब 20 लोग हैं, लेकिन वडनगर और काशी पहुंचने पर दोनों तरफ करीब 500-500 लोग होंगे। उन्होंने सभी को दो-तीन घंटे साथ बैठकर अपने अनुभव साझा करने का सुझाव दिया। सेवा संकल्प यात्रा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात सहित 10 राज्यों के 193 जिलों, 773 तहसीलों और 10,159 गांवों से होकर गुजर रही है। यात्रा के दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता, फल वितरण, चिकित्सा सहायता, किट वितरण और अंगदान के संकल्प सहित करीब 25 प्रकार के सेवा कार्य किए जा रहे हैं। 25 सितंबर तक 20 टोलियों ने कुल 13,733 किलोमीटर की दूरी तय की थी, जबकि वाराणसी से वडनगर जाने वाली टोलियों ने 5,961 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा नदी की तरह सबको जोड़ने वाली है। नदी यह नहीं पूछती कि कौन किस भाषा, परिवार या आर्थिक वर्ग से है, वह सभी को नवजीवन देती है। इसी तरह सेवा यात्रा भी लोगों से जुड़ते हुए जनकल्याण से जगकल्याण की भावना को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने सेवा यात्रियों से अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने, परिवार से संपर्क बनाए रखने और यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आह्वान किया।

विश्वकप जीतने का एहसास फिर से चाहता हूं : रोहित शर्मा



नई दिल्ली। भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की नजरें 2027 में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप पर टिकी हैं। टूनार्मेंट के कार्यक्रम की घोषणा आज रात 8:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर की जाएगी। जियोस्टार से बातचीत में रोहित ने कप्तान शुभमन गिल, 2027 विश्वकप की तैयारियों और भारत के लिए एक और विश्वकप जीतने की अपनी इच्छा पर बात की। शुभमन गिल की कप्तानी के बारे में रोहित ने कहा कि गिल का क्रिकेटिंग दिमाग शानदार है और कप्तान के तौर पर अभी उनके प्रदर्शन का आकलन करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, शुभमन गिल का क्रिकेटिंग दिमाग शानदार है, इसमें कोई शक नहीं। वह करीब एक साल से कप्तानी कर रहे हैं इसलिए इतनी जल्दी उनके कप्तान के रूप में आकलन करना उचित नहीं होगा। लेकिन मैंने उन्हें जितना देखा है, वह प्रभावशाली रहे हैं। वह जो चाहते हैं, उसे लेकर बहुत स्पष्ट हैं। कप्तान के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। अगर कप्तान स्पष्ट है तो उसके आसपास के खिलाड़ी भी स्पष्ट रहेंगे। शुभमन के साथ मुझे यही नजर आता है। वह जानता है कि उसे क्या चाहिए और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर किसी भी कप्तान को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के समर्थन की जरूरत होती है। मुझे यकीन है कि मैं जिस भी तरह उसकी मदद कर सकता हूं, करूंगा। रोहित ने गिल को लगातार समर्थन देने की बात भी कही। उन्होंने कहा, शुभमन कप्तान है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं उससे दूर रहूं या उससे कम बात करूं। जब से उसने पदार्पण किया है, हम एक ही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसा ही होना चाहिए और किसी भी वजह से इसमें बदलाव नहीं होना चाहिए। उसे टीम के भरोसे की जरूरत है और यह पता होना चाहिए कि सभी एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा काम उसका समर्थन करना और टीम को आगे ले जाना है। 2027 वनडे विश्वकप जीतने के महत्व पर रोहित ने कहा, आगामी वनडे विश्वकप जीतना शानदार होगा, मैं बस इतना ही कहूंगा। मैं अभी इसे किसी पूर्ण चक्र या ऐसी किसी चीज के रूप में नहीं देखना चाहता। भारत के लिए विश्वकप जीतना एक विशेष एहसास है। टी20 प्रारूप में मैं इसका दो बार अनुभव कर चुका हूं। 2007 में मैं सिर्फ 20 साल का युवा था। निश्चित रूप से यह बड़ा टूनार्मेंट है और पहले ही साल विश्वकप जीतना शानदार था। फिर हमने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती और उसके बाद करीब 11 साल का लंबा दौर आया, जब हम कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सके। इसलिए जब हमने 2024 में टी20 विश्वकप जीता, तब एहसास हुआ कि यह कितना महत्वपूर्ण था।

वह एहसास आज भी काफी हद तक मेरे अंदर है। मैं जानता हूं कि विश्वकप जीतना कैसा लगता है। इसलिए मैं वह एहसास फिर से चाहता हूं। हमने उस दौरान जो आनंद महसूस किया, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता क्योंकि उसकी बराबरी नहीं की जा सकती। इसलिए मेरे लिए वह विश्वकप जीतना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं उस एहसास को फिर से महसूस करना चाहता हूं। 2027 विश्वकप की तैयारी और मौजूदा समय पर ध्यान देने के बारे में रोहित ने कहा, मैं चाहता हूं कि 2027 तक खुद को पर्याप्त रूप से सक्षम बनाए रखूं। फिट रहूं, कड़ी मेहनत करता रहूं और आने वाले हर टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करता रहूं। मुझे इसी बारे में सोचना और यही करना है। मेरा तत्काल लक्ष्य यह है कि इस समय मेरे सामने जो है, उसे ठीक से करूं। अभी से अगले अक्टूबर के बारे में सोचना मेरे खेल में मदद नहीं करेगा। जो चीज मेरी मदद करेगी, वह है वर्तमान में रहना, अपने सामने आने वाली हर चुनौती को पूरा करना और फिर आगे बढ़ते रहना। उन्होंने आगे कहा, जिंदगी में मैंने इसी तरह कदम-दर-कदम प्रगति की है और अभी भी मुझे यही करना है। मूल रूप से मैं यह कहना चाहता हूं कि मुझे कुछ बदलने की जरूरत नहीं है। अब तक मेरा सफर जिस तरह रहा है, मैं उसी तरह आगे बढ़ाना चाहता हूं। अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत करता रहूं, फिटनेस पर काम करता रहूं, टीम के खिलाड़ियों की मदद करूं और जहां जरूरत हो वहां अपना इनपुट दूं, बस इतना ही।

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 2

दिल्ली सरकार 2.25 लाख घरों में मुफ्त लगाएगी सोलर पैनल; पोर्टल लॉन्च, किन्हें मिलेगा?

दिल्ली सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर पंजीकरण पोर्टल लॉन्च कर दिया है, जिसके जरिए 3 किलोवॉट तक के सोलर सिस्टम पर कुल 1.56 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बिजली उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर मुफ्त सोलर पैनल लगाने के लिए सोमवार को एक नया पोर्टल शुरू किया। उन्होंने सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में 'पीएम सूर्य घर योजना' के तहत 'दिल्ली सोलर पोर्टल' लॉन्च किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार 3 किलोवाट तक के सोलर पैनल लगाने का पूरा खर्च उठाएगी। इसके अलावा 3 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले सोलर पैनल लगाने पर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार मिलकर 1.56 लाख रुपये तक



की सब्सिडी देंगी। योजना की मुख्य बातें निःशुल्क स्थापनाः 400 यूनिट तक की मासिक खपत वाले घरों पर 3 किलोवाट तक के सोलर पैनल बिना किसी अग्रिम लागत (0% खर्च) के लगाए जाएंगे। सब्सिडी राशिः केंद्र सरकार (78,000 रुपये) और दिल्ली सरकार (78,000 रुपये) मिलकर कुल ₹1.56 लाख तक की आर्थिक सहायता देंगी। मुफ्त इंस्टॉलेशनः 400 यूनिट तक मासिक बिजली खपत वाले परिवारों के लिए 3 किलोवॉट तक का सोलर प्लांट पूरी तरह मुफ्त (Zero Cost) लगाया जाएगा। लक्ष्यः पहले चरण में दिल्ली के लगभग 2.30 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य है। चयन प्रक्रियाः आवेदन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार की ओर से 2.25 लाख घरों में मुफ्त सोलर पैनल लगाने का काम 'पहले आओ-पहले पाओ' के तहत पर आगे बढ़ेगा। योजना के तहत'पहले आओ-पहले पाओ' के तहत सोलर पैनल का आवंटन किया जाएगा यानी जिनका पहले रजिस्ट्रेशन होगा उनको प्राथमिकता दी जाएगी। दिल्ली के निवासी 'दिल्ली सोलर पोर्टल' पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रखरखावः अधिकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम के पहले 5 साल तक ऑपरेशन और रखरखाव की जिम्मेदारी होगी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने वारिस पंजाब दे का रजिस्ट्रेशन कराने की मांग पर निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल में बंद कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह के प्रस्तावित राजनीतिक दल वारिस पंजाब दे का रजिस्ट्रेशन कराने की मांग पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सौरभ बनर्जी की बेंच ने निर्वाचन आयोग को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी। आज सुनवाई के दौरान वारिस पंजाब दे की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि पंजाब में विधानसभा का चुनाव मार्च 2027 में होना है और निर्वाचन आयोग जनवरी 2026 से चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। उन्होंने कहा कि नवंबर के अंत तक निर्वाचन आयोग वारिस पंजाब दे की अर्जी पर फैसला करे। इस पर निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील संजय वशिष्ठ ने कहा कि वारिस पंजाब दे से राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता का अहम मसला जुड़ा हुआ है। तब न्यायालय ने कहा कि आप वारिस पंजाब दे की अर्जी पर जो भी फैसला करना है वो करें, लेकिन इसे लटकाएं नहीं। आपको एक टाइमलाइन तय करना होगी। तब निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया कि वे इस पर जवाब दाखिल करना चाहते हैं। उसके बाद न्यायालय ने चार हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। वारिस पंजाब दे का नेतृत्व अमृतपाल सिंह कर रहे हैं। वारिस पंजाब दे ने जनवरी 2025 में निर्वाचन आयोग को गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रेशन कराने की अर्जी दी थी। लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

ब्राजील को हराकर भारत बना वर्ल्ड यूथ चैंपियन, मणिपुर के बच्चों ने रचा इतिहास

गोथेनबर्ग/स्वीडन। भारतीय फुटबॉल ने यूरोप की धरती पर इतिहास रच दिया है। दुनिया के सबसे बड़े यूथ फुटबॉल टूर्नामेंट गोथिया कप के अंडर-12 फाइनल में भारत की मिनर्वा अकादमी ने फुटबॉल की महाशक्ति ब्राजील को 2-1 से हराकर खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ मोहाली स्थित अकादमी लगातार दूसरी बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई है। टूर्नामेंट के सबसे कठिन मुकाबले में मिनर्वा के टी. किपगेन ने 10वें मिनट में शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिलाई। ब्राजील की टीम आरएस स्पोर्ट्स येलो ने पहले हाफ में बराबरी कर ली, लेकिन अंतिम क्षणों में मेखमखाव नोंगरेम ने निर्णायक गोल दागकर भारत को



ऐतिहासिक जीत दिला दी। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए किपगेन को सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुना गया। यह जीत केवल एक फाइनल की जीत नहीं है। इस पूरे अभियान में मिनर्वा के नन्हे फुटबॉलरों ने अजेय रहते हुए आठ मैचों में 86 गोल दागे। सोशल मीडिया पर वायरल जानकारी के अनुसार, टीम ने लीग चरण में इंग्लैंड को 12-0 और फ्रांस को 17-1 जैसे बड़े अंतर से हराया था। इस जीत को और भी खास बनाती है इन बच्चों की पृष्ठभूमि। टीम के अधिकांश खिलाड़ी मणिपुर और पूर्वोत्तर भारत से आते हैं। कुछ दिन पहले ही इसी टीम ने फिनलैंड में हेलसिंकी कप जीतकर यूरोपीय डबल भी पूरा किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे लाखों लोग देख चुके हैं। देशभर से मांग उठ रही है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और खेल मंत्रालय इन भविष्य के सितारों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करे। क्रिकेट के वर्चस्व वाले देश में इन बच्चों ने साबित कर दिया है कि सही ग्रासरूट प्रशिक्षण से भारत फुटबॉल में भी विश्व चैंपियन बन सकता है।

एक शब्द से खत्म हुआ दस साल का इंतजार, अल्मोड़ा पुलिस ने भूले-बिसरे पिता को परिवार से मिलाया

रानीखेत/अल्मोड़ा। उत्तराखंड पुलिस की मानवीय पहल ने दस साल से बिछड़े एक परिवार को फिर मिला दिया। रानीखेत की सड़कों पर बेसहारा घूम रहे एक बुजुर्ग की पहचान सिर्फ एक शब्द राजेपुर के जरिए हुई और वह अपने परिवार तक पहुंच सका। पिछले दस साल से रानीखेत के मझकाली और तारीखेत इलाके में एक बुजुर्ग अज्ञात व्यक्ति के रूप में घूम रहा था। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह अपना नाम-पता तक भूल चुका था। स्थानीय लोग मानवता के नाते उसे खाना-कपड़ा दे देते थे, लेकिन कोई उसकी पहचान नहीं जानता था। अगस्त 2026 में मझकाली थाने के नए सहायक उप-निरीक्षक विनोद फर्त्याल ने कार्यभार संभाला। गश्त के दौरान उनकी नजर इस बेसहारा बुजुर्ग पर पड़ी। उन्होंने उसे प्रेमपूर्वक बुलाकर जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन उसकी याददाश्त पूरी तरह धुंधली थी। इसके बाद विनोद ने पारंपरिक पूछताछ से अलग, संवेदनशील तरीका अपनाया। उन्होंने बुजुर्ग को एक डायरी और पेन देकर कहा कि जो भी याद आए, लिख दे। काफी देर तक डायरी को देखते रहने के



बाद बुजुर्ग ने कांपते हाथों से उस पर सिर्फ एक शब्द लिखा- राजेपुर। विनोद ने इसी एक शब्द को अहम सुराग बनाया। उन्होंने बुजुर्ग की फोटो और जानकारी उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले के राजेपुर थाने को भेजी। चार दिन तक चली अंतरराज्यीय जांच के बाद पुलिस टीम फरुर्खाबाद के राजेपुर राठौड़ी गांव पहुंची। वहां पुष्टि हुई कि यह व्यक्ति वर्ष 2016 में घर से लापता हुए श्याम सिंह हैं। 7 अगस्त को पुलिस ने उनके परिवार को सूचना दी कि आपके पिता मिल गए हैं और वे अल्मोड़ा में हैं। खबर सुनते ही उम्मीद खो चुके बेटे और अन्य रिश्तेदार तुरंत उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए। मझकाली थाने में दस साल बाद जब पिता-पुत्र मिले तो माहौल भावुक हो गया। बेटे ने पिता को गले लगा लिया और सभी की आंखें नम हो गईं। रानीखेत की गलियां इस करुणा और आंसू भरे पुनर्मिलन की गवाह बनीं। यह कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और लोग कानून से बढ़कर मानवता दिखाने के लिए सहायक उप-निरीक्षक विनोद फर्त्याल और अल्मोड़ा पुलिस की सराहना कर रहे हैं।

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 3

सम्पादकीय, नरेंद्र कुमार

छात्रों के कार्यक्रम में नकारात्मक राजनीति क्यों?

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति संवाद है। सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक विरोध होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन जब राजनीतिक संवाद का केंद्र नीतियों और जनसमस्याओं से हटकर व्यक्तियों पर टिप्पणियों, आरोपों, कटाक्षों और उपहास तक सीमित होने लगे तो लोकतांत्रिक विमर्श की गंभीरता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। वर्तमान में भारत की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह है कि राजनीतिक दल रचनात्मक विरोध की जगह अनुचित आरोप-प्रत्यारोप की परिधि में लगातार सक्रिय हैं। इस प्रकार की राजनीति देश के लोकतंत्र के उत्थान का मार्ग बिलकुल भी तैयार नहीं कर सकती। अभी कुछ दिनों पूर्व इंदौर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम से जुड़ा मिमिक्री विवाद इसका ताजा उदाहरण है। कार्यक्रम का मूल विषय विद्यार्थियों की समस्याओं, शिक्षा, परीक्षाओं, रोजगार और छात्रावास जैसी चिंताओं से जुड़ा था। लेकिन ऐसा लगा कि कार्यक्रम अपने मूल उद्देश्य से भटक कर आरोपों और व्यक्तिगत खिल्ली उड़ाने पर ही केंद्रित होकर रह गया। आज चिंता इस बात की है कि छात्रों के सामने समस्या नहीं समाधान की चर्चा होना चाहिए।

8 घंटे में पलटी लुटेरों की चाल, 30 लाख की लूट का पदार्फाश...!



पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर में करीब 30 लाख रुपये की लूट के मामले का शाहदरा जिला पुलिस ने महज 8 घंटे में खुलासा करने का दावा किया है।

इस मामले में दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार/पकड़ा गया है और करीब 19.05 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चोरी की स्कूटी, एक देशी पिस्टल और लूट की रकम से खरीदे गए तीन नए iPhone 15 Proभी बरामद किए हैं। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। पुलिस के अनुसार दीपक इस वारदात का मास्टरमाइंड है, जबकि साजिश में शामिल कैफ फरार है। शाहदरा डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने कहा कि फरार आरोपी की तलाश और बाकी रकम की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। (**संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली**)



* पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर ररढ संजय कुमार वर्मा ने ग्राम* प्रहरियों को सौंपी साइकिलें, समस्त अनुचरों को ड्रेस वितरित शासन की जनसहभागिता एवं प्रभावी पुलिसिंग की मंशा को मिल रही नई मजबूती ड्रेस और साइकिले प्राप्त करने पर सभी ने मुजफ्फरनगर एसएसपी संजय कुमार वर्मा और पूरी टीम की सराहना की (**रिपोर्टर सतेन्द्र सैनी**)

12 घंटे में सुलझा फायरिंग कर लूट की कोशिश का केस, पैरोल जंपर जावेद उर्फ पउवा समेत दो शूटर गिरफ्तार....!



सिविल लाइंस फायरिंग केस 12 घंटे में दो शूटर गिरफ्तार पैरोल जंपर जावेद गिरफ्तार दिल्ली पुलिस की नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट टीम ने सिविल लाइंस के रानी झांसी फ्लाईओवर पर फायरिंग कर लूट की कोशिश का मामला महज 12 घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने पैरोल जंपर जावेद उर्फ पउवा (38) को राजस्थान के भिवाड़ी और उसके साथी दीपांशु उर्फ दीपु (25) को सदर बाजार से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने फतेह कचौरी के पास सोने की चेन देखकर युवक को निशाना बनाया था। DCP निहारिका भट्ट (IPS) के निर्देशन में एसीपी राजेंद्र प्रसाद और विशेष धत्तरवाल की निगरानी में SHO हनुमंत, इंस्पेक्टर रोहित सरस्वत और इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता की टीम ने CCTV, FRS और तकनीकी सर्विलांस से केस खोला। बरामदगी में 2 पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस, 1 चाकू और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी शामिल है। (**संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली**)

फर्जी Paytm स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानदारों को ठगने वाला मल्टी-स्टेट साइबर गैंग गिरफ्तार...!



डी.सी.पी उत्तरी जिला दिल्ली पुलिस की पीएस साइबर नॉर्थ टीम ने फर्जी Paytm/UPI स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानदारों को ठगने वाले मल्टी-स्टेट साइबर गैंग का पदार्फाश किया है।मामले में निखिल यादव उर्फ नाडा उर्फ नाला (22), शाहिना (27) और तरुण (25) को कार्रवाई के दायरे में लिया गया। पुलिस के अनुसार गैंग ने दुकानदारों के मोबाइल और UPI क्रेडेंशियल का फायदा उठाकर 30.81 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की। मुख्य आरोपी निखिल दिल्ली और मुंबई के कई मामलों में पहले से भी शामिल बताया गया है। कार्रवाई DCP निहारिका भट्ट के सुपर-विजन में Addl. DCP राम दुलेश मीणा, ACP विशाल धत्तरवाल, SHO रोहित गहलोत के नेतृत्व में अरकसंदीप, कॉन्स्टेबल सुमित, अमन और विजय की टीम ने की। आगे की जांच जारी है। (**संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली**)

डेढ़ साल की शिकायत के बाद सड़क निर्माण को मिली हरी झंडी

सबलपुर बीतरा। गांव की एक सड़क के निर्माण को लेकर पिछले करीब डेढ़ साल से लगातार की जा रही शिकायत और प्रयासों का आखिरकार असर दिखाई दिया है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर की गई आईजीआरएस शिकायत पर विभागीय जांच के बाद अब सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। खंड विकास अधिकारी, नजीबाबाद की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा मांगा गया रास्ता करीब 100 से 150 मीटर लंबा है। वर्तमान कार्ययोजना में रास्ता शामिल नहीं होने के कारण अब इसे कार्ययोजना में सम्मिलित कर नियमानुसार सड़क निर्माण कराया जाएगा। करीब डेढ़ साल



तक चली शिकायत और प्रयासों के बाद विभाग से मिले लिखित आश्वासन से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। अब ग्रामीणों को इंतजार है कि लिखित आश्वासन के बाद सड़क का निर्माण कब धरातल पर शुरू होता है। **पत्रकार - लव कुमार**

2 लड़कियों द्वारा डेटिंग ऐप पर 'प्यार' के जाल में फंसा कर 67 वर्षीय बुजुर्ग से ₹1.30 लाख की ठगी....!



साउथ-वेस्ट जिला पुलिस ने डेटिंग ऐप के जरिए 67 वर्षीय बुजुर्ग को ठगने के आरोप में दो युवतियों ज्योत्सना (26) और मानसी (21) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मानसी ने फर्जी प्रोफाइल बनाकर बुजुर्ग को डेट पर बुलाया और मुलाकात के दौरान मोबाइल फोन चोरी कर लिया। बाद में आरोपी युवतियों ने UPI के जरिए खातों से ₹1.30 लाख ट्रांसफर कर लिए, जिनमें से ₹90 हजार ATM से निकाले गए। CCTV, बैंकिंग और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने दोनों को पकड़ा और दो मोबाइल फोन बरामद किए। मामले की जांच जारी है। कॉर्पोरेटऔर वित्तीय अपराध (**संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली**)


सबलपुर बीतरा में विकास की नई पहल, विकास मंच की शुरूआत

सबलपुर बीतरा। आजादी के दिन 15 अगस्त को गांव सबलपुर बीतरा में सबलपुर बीतरा विकास मंच की शुरूआत की गई। मंच बनाने का मकसद गांव की समस्याओं को मिल-जुलकर समझना और उनके समाधान के लिए गांव के लोगों को साथ लेकर काम करना है। मंच की तरफ से कहा गया कि गांव में कई समस्याएं ऐसी हैं जिन्हें हम लोग सालों से देखते आ रहे हैं। हर बात के लिए सिर्फ प्रधान या किसी एक जनप्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराने के बजाय हम गांव वालों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इसी सोच को लेकर यह पहल शुरू की गई है। मंच के संस्थापक/संयोजक लव कुमार ने कहा, मैं अकेला कुछ नहीं कर



सकता, लेकिन हम सब मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। यह किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास के लिए उठाया गया कदम है। मंच के जरिए गांव की समस्याओं की पहचान, साफ-सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने और गांव में आपसी भाईचारा बढ़ाने जैसे कामों पर ध्यान देने की बात कही गई है। मंच से जुड़े सदस्यों का कहना है कि गांव के विकास के लिए सभी लोगों को साथ लेकर चलेंगे और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि शुरूआत छोटी है, लेकिन अगर गांव के लोगों का साथ मिलता रहा तो आने वाले समय में इसका अच्छा असर देखने को मिल सकता है। मंच का संदेश है– हमारा गांव, हमारा विकास। * **रिपोर्टर — लव कुमार**

Helpline No. 7982654944



ABHISHEK KUMAR
DELHI STATE HEAD

DELHI CRIME
WA
BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA NATIONAL NGO
भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बुलंद आवाज़
NITII AAYOG DARPAN REGN. NO. DL/2020/0260865 REGN. NO. S/RS/DW(SW)/1646/2019
C-1/511, NEW YADAV ENCLAVE, PREM NAGAR-3, NEAR CHAUDHARY BALDEV SINGH MODEL SCHOOL,DELHI-110086

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 4



दिल्ली क्राइम के नये सदस्य योगेश कुमार जी परवाना रोड जगत पुरी निवासी के विशेष आग्रह की मुझे मेरी किट जगत पुरी के थाने मे S H O अभिषेक जी और एस आई सुरिंदर शर्मा जी के सामने प्रदान की जाये और दोनो को दिल्ली क्राइम के बारे मे जानकारी भी दी जाये की दिल्ली क्राइम प्रेस अपने पाठकों को रिपोर्टर कोर्स भी कराती हैं आज उनकी यह मांग भी पूरी कर दी गई हैं



दिल्ली क्राइम के टीम लीडर अपनी टीम को हर जगह सर्विस दे कर टीम को डेवेलप कर रहे है चाहे फील्ड हों या ऑफिस हर जगह साथ खड़े रहते है



दिल्ली क्राइम प्रेस टीम लीडर पाठक से न्यूज सुप्पोर्टर और न्यूज सुप्पोर्टर से एरिया एडवाइजर का रैंक अपनी टीम को स्पोर्ट और सर्विस के देने के कारण अचीव कर रहे है



आज दिल्ली क्राइम के ऑफिस में चंडीगढ़ पंचकूला दिल्ली के बटला हाउस ओखला गो-विंद पूरी संगम विहार से लीडरों का आना हुआ उनका स्वागत भी शानदार ढंग से हुआ और सिस्टम की पावर जानकारी भी सांझा की गई



दिल्ली क्राइम के टीम लीडर उमेश कुमार जी के साथ आज क्राइम पैट्रोल के चर्चित इंस्पेक्टर गुलशन पांडे जी के साथ खास भेट और दिल्ली क्राइम के बारे में विस्तृत बातचीत हुई जिसमें उन्होंने पूरे दिल्ली क्राइम परिवार को शुभ कामनाएं भी दी



दिल्ली क्राइम प्रेस के लीडर पहले खुद सीखते है फिर टीम के साथ बैठक करके अपनी टीम को सिखाते हुए आगे बड़ते हुए टीम को भी आगे बढ़ाते है



दिल्ली क्राइम के गोविंद पूरी संदीप कुमार जी की टीम के ऑफिस मे आये नये पाठकों और नये उभरते लीडर का पूरा मान सम्मान और पूर्ण जानकारी दी जाती है यही पर्क्रिया सभी टीम लीडर के साथ दोहराई जाती है



मुजफ्फरनगर सुरक्षित शहर, खुशहाल नागरिक: उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए कोतवाल अनंत देव मिश्रा को दिल्ली क्राइम प्रेस टीम ने किया सम्मानित



दिल्ली क्राइम के ऑफिस मे नए पाठकों को दिल्ली क्राइम के बारे मे जानकारी और लीडर को सिस्टम के बारे ट्रेनिंग दी जाती जाती है यही सर्विस टीम को लीडर को सफलता की राह पर ले जाती है आप भी यही करे



मुजफ्फरनगर SPM जिला अध्यक्ष जितेंद्र राठी को दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की कॉपी देकर सम्मानित किया गया



आज दिल्ली क्राइम प्रेस भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की टीम ने स्थानीय माधवपुरम पुलिस चौकी पहुंचकर चौकी प्रभारी श्री रावत जी से शिष्टाचार मुलाकात की। मौजूदा टीम में रिपोर्टर शाहिद हसन एरिया एडवायजर फौलाद कुरैशी टीम मेंबर में नसीम अनस



मुबारकपुर डबास में दिल्ली क्राइम प्रैस की डबल मीटिंग

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 5





दिल्ली क्राइम प्रेस मे झुंझनु राजस्थान के सुपर स्टार लीडर मिस्टर सुनील जंगीर जी अपनी टीम मे आये दो नए सदस्य मनोज कुमार जंगीर और अनिल कुमार जी को झुंझुनू राजस्थान मे उनके दिल्ली क्राइम के कार्ड और किट देकर सम्मानित करते हुए



समाजसेवी सवाब आलम को दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की प्रस्तुतीकरण करते हुए



दिल्ली क्राइम का न्यू ऑफिस जिला फाजिल्का की मंडी अमीन गंज रोड़ा वाली में प्रमोशन करते हुए प्रेस रिपोर्टर सतपाल सिंह सिधू



मुजफ्फरनगर के थाना काकरोली पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को दिल्ली क्राइम प्रेस की प्रस्तुतीकरण करते हुए दिल्ली क्राइम के गुरूग्राम ब्रांच आफिस में अनिल सेठी जी ने लीडर्स को दी विशेष व दमदार ट्रेनिंग



जिला सूचना विभाग, मुजफ्फरनगर में दल्ली क्राईम राष्ट्रीय समाचार पत्र देते हुए रिपोर्टर निखिल सैनी



दिल्ली क्राइम प्रेस एरिया एडवाइजर ने अपने कार्यालय में चौकी इंचार्ज को समाचार पत्र किया भेंट।



दिल्ली क्राइम की ग्रेट लीडर मीनाक्षी निगम अपनी टीम नैना को वेलकम किट देते हुए या साथ में एडमिन हेड मुकेश गुप्ता



प्रमोशन के साथ मिला अपनापन, दिल्ली क्राइम प्रेस ने कुलदीप कुमार को कार्यालय पहुँचकर दी शुभकामनाएँ



दिल्ली क्राइम के गुरुग्राम ऑफिस मे रविकरण सिंह जी को उनका रिपोर्टर का कार्ड देकर सम्मानित किया गया



दिल्ली क्राइम के गुरुग्राम ब्रांच ऑफिस मे रामपाल जी और जगबीर सैनी जी को सम्मानित किया गया

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोटेदारों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले पर आदर्श कोटेदार संघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।



कोटेदारों ने सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताते हुए मुख्यमंत्री एवं खाद्य एवं रसद मंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय से उचित दर विक्रेताओं का मनोबल बढ़ा है। कोटेदारों ने जिलाधिकारी बिजनौर को भी धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोटेदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जनता की सेवा पूरी जिम्मेदारी से करते रहेंगे। कोटेदारों ने भविष्य में भी उनकी समस्याओं और हितों को ध्यान में रखने की उम्मीद जताई।

रिपोर्ट - लव कुमार

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 6

हमारे नए अचीवर



नितिन सिंह सेंगर
न्यूज सपोर्टर



एमडी आबिद हुसैन
न्यूज सपोर्टर



राकेश कुमार मोहर
न्यूज सपोर्टर



मधु सिंह
न्यूज सपोर्टर



सूरज सोनी
न्यूज सपोर्टर




संजीव ठाकुर
न्यूज सपोर्टर



फाहिमुददीन
न्यूज सपोर्टर



अश्वनी कुमार आर्य
न्यूज सपोर्टर



रश्मी गोयल
न्यूज सपोर्टर



रेणुका सुहास सुवर्णकर
न्यूज सपोर्टर



कमल दीप सिंह कोहली
न्यूज सपोर्टर



नजीम
न्यूज सपोर्टर



नाज़िया हसन
न्यूज सपोर्टर



रुखसाना परवीन
न्यूज सपोर्टर



अल्ताफ अरब
न्यूज सपोर्टर



राठौड़ जितुसिंह मदनसिंह
न्यूज सपोर्टर



रियाज हसन
न्यूज सपोर्टर




केदार नाथ बेहरा
न्यूज सपोर्टर



पंकज कुमार मेहरा
न्यूज सपोर्टर



गोविंद राणा
एरिया एडवाइजर



नाहिद मुजम्मिल
एरिया एडवाइजर



जे एम वाघेला
एरिया एडवाइजर



मोहम्मद साजिद
एरिया एडवाइजर



शकील अहमद
एरिया एडवाइजर



रवि शंकर सैनी
एरिया एडवाइजर



गोपाल सिंह
एरिया एडवाइजर



वर्मा दिपुबेन
एरिया एडवाइजर



सतपाल सिंह
एरिया एडवाइजर



दिनेश शर्मा
एरिया एडवाइजर



संदीप कुमार
जोनल एडवाइजर

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 7

PM-UDAY YOJNA
PRADHAN MANTRI - UNAUTHORIZED COLONIES IN DELHI AWAS ADHIKAR YOJANA
जहाँ आपका घर, वहाँ आपका अधिकार
PM-UDAY क्या है?
PM-UDAY (Pradhan Mantri-Unauthorized Colonies in Delhi Awas Adhikar Yojana) भारत सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले निवासियों को उनके घरों/संपत्तियों पर अधिकार प्रदान करना है।
आवेदन की अंतिम तिथि 31/10/2026
PM-UDAY SCHEME के लाभ
पक्की रजिस्ट्री का अधिकार
बैंक लोन की सुविधा
कच्चे के डर से मुक्ति
कानूनी सुरक्षा
मूलभूत सुविधाओं का लाभ
PM UDAY YOJNA के लिए आवश्यक दस्तावेज
1. प्रॉपर्टी के सभी कागज़ात - पूरी चेन (प्रॉपर्टी का पेपर अक्टूबर 2019 से पहले का होना चाहिए)
2. मकान का फोटो
3. आधार कार्ड
4. पैन कार्ड
5. बिजली का बिल (कनेक्ट का होना चाहिए) (कनेक्शन 2015 तक का मान्य होगा)
6. पासपोर्ट साइज़ फोटो
7. मोबाइल नंबर
8. ईमेल आईडी
प्रॉपर्टी का पेपर अक्टूबर 2019 से पहले का होना चाहिए।
बिजली का बिल कनेक्ट का होना चाहिए और कनेक्शन 2015 तक का मान्य होगा।
कृपया सभी दस्तावेज साफ और सही लेकर आएं।
किस लोगों को मिलेगा लाभ?
अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले निवासी
31.12.2014 तक से निवासी/मालिक
मान्य दस्तावेज रखने वाले व्यक्ति
दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों के निवासी
पात्र आवेदक संपर्क का लाभ उठा सकेंगे
संपर्क करें अभिषेक कुमार 7982654944

मुकेश कुमार Mob. - 8104157510
विवेक Mob. - 7014533114
महेंद्र Mob. - 9468840364
॥ जय श्री बांके बिहारी ॥
बांके बिहारी गेस्ट हाउस
Deluxe AC & Non AC Rooms
बुन्दी चूरमा लड्डू केसूर पेड़े पंच मेवा
लाल छिछकाई पेड़े
शुद्ध देशी घी से निर्मित स्वादमणी ऑर्डर पर तैयार की जाती है।
मंदिर एंट्री गेट, श्याम बगीची के पास, खाटूश्यामजी

मुकेश कुमार Mob. - 8104157510
विवेक Mob. - 7014533114
महेंद्र Mob. - 9468840364
ताजा, शुद्ध एवं स्वादिष्ट मिठाईयों के निर्माता
श्री बांके बिहारी जी
बांके बिहारी स्वीट्स
बुन्दी चूरमा लड्डू केसूर पेड़े पंच मेवा
लाल छिछकाई के पेड़े
शुद्ध देशी घी से निर्मित स्वादमणी ऑर्डर पर तैयार की जाती है।
Deluxe AC & Non AC Rooms
मंदिर एंट्री गेट, श्याम बगीची के पास, खाटूश्यामजी

+91 9045952742 +91 7500964267 +91 7535031725
अपना टूर एंड ट्रेवल्स
24x7 Service
हमारे यहाँ शादी-विवाह, पिकनिक, किटी पार्टी व शुभ अवसर पर सभी प्रकार की गाड़ी मिलती है जैसे होंडा सिटी, ऑल्टो 800, इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर आदि बुकिंग के लिए सम्पर्क करें।
VEHICLES :- SWIFT DESIRE, HONDA CITY, ALTO 800, INOVA, CRYSTA, TOYOTA ETIOS ETC
कुकडा रोड, रतनसिंह मार्किट के सामने, मुजफ्फरनगर - 251001

Safe Stay Better Study Brighter Future
Room Available
Near Ardali Bazar
Only ₹8000 (Including Food)
Clean & Spacious Room
Wi-Fi Facility
Food Included
Safe & Comfortable
Prime Location
Room View
Comfortable Bed
Food & Storage
Food Included
Wi-Fi Facility
Safe & Secure Environment
Clean & Hygienic
Spacious Room
Prime Location (Near Ardali Bazar)
Contact / WhatsApp 9628330055
Room Available Now!
Near Ardali Bazar
Comfortable Stay... Affordable Price...

Binay Yadav Mob. : 9810225266 9810225230
BINAY YADAV
PAINTING CONTRACTOR
Deals in : Plastic, Velvet Touch, Laquer, Melamine, Polish, DICO, Texture, P.O.P, O.B.D. Etc.
asianpaints
BINAY YADAV
TRUSTED PARTNER
+91 9810225266

Rajesh M.: 9811516933
Om Sai Steel Fabricators
Spl. In: Type of Steel Works
Deals in: Fancy Gate, Grill, chair, Table, Bed, Window Railing, Flexible Gates, S.S. Railing, Gate, Section Window, Rolling Shutter, Kantchi etc.
Shri Ram Market, Sikanderpur, Near Garden Estate, Gurgaon
E-mail: omsaifabricator123@gmail.com

अल्का मेडिकोज
स्वस्थ जीवन हमारा लक्ष्य
एक विश्वसनीय स्टोर
सादत पुर दिल्ली
हमारे यहां सभी तरह की दवाइयां उपलब्ध है जैसे
एलोपैथिक होम्योपैथिक आयुर्वेदिक इत्यादि
हमारे यहां सौंदर्य प्रसाधन का हर सामान उचित रेट पर मिलता है
खूबसूरती हर दिन
सादत पुर दिल्ली Rakesh Kumar Rai 9818986824

बेहतरीन क्वालिटी सही दाम में
आपका भरोसा हमारी पहचान
VASHISHT ELECTRONICS
9804050604
B-115, Ground Floor, Pushta Road, West Karawal Nagar, Som Bazar, Delhi - 110094
MOBILE TV FRIDGE WASCHIN MACHINE GYEZAR AC
ELECTRIC KETTLE
और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान
100% ORIGINAL PRODUCTS BEST BRANDS GENUINE DEALS EXCELLENT SERVICE
Your Electronics Partner

eDrafter.in
CTO & Co-founder
Ayush Gupta
+91-9873664721
Ayush@edrafter.in
www.edrafter.in
Tower-A1, Corporate Park, 11th Floor, Office No. 1117, Sector 142, Noida, Uttar Pradesh 201305

GST GOODS & SERVICES TAX
Neelam Luthra & Associates
Mohit Luthra
Advocate
GST Tax Consultant
Contact Number : 8130908161
GST LAW
Your Compliance, Our Expertise.

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख
प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार
सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
सह कार्यकारी - संपादक दिनेश शर्मा

हमारे स्वतंत्र व सत्यापित रिपोर्टर

राजकुमार कश्यप	(दिल्ली)
मुकेश गुप्ता	(दिल्ली)
अशोक कुमार	(गुरुग्राम)
चंदन सिंह	(दिल्ली)
सुशील कुमार	(करनाल)
राम नरेश	(कुशीनगर)
मो.शरीफ	(दिल्ली)
अभिषेक कुमार	(दिल्ली)
राज हुसैन	(कुशीनगर)
ध्रुव सेठी	(पंजाब)
विक्रमादित्य सिंह	(सीधी)
सावित्री सिंह	(सीधी)
निखिल सैनी	(मुजफ्फरनगर)
सत्येंद्र सैनी	(मुजफ्फरनगर)
रविकरन सिंह अलीगढ	(उ. प्र)

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

61/9 अशोक नगर दिल्ली - 110018
Customer Care No.
8744884766

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE HALF PAGE QUARTER PAGE

FULL FRONT PAGE	₹ 1,20,000/-
FULL INNER PAGE	₹ 60,000/-
FULL BACK PAGE	₹ 90,000/-
HALF FRONT PAGE	₹ 66,000/-
HALF PAGE INNER	₹ 36,000/-
HALF PAGE BACK	₹ 51,000/-
QTR. PAGE FRONT	₹ 36,000/-
QTR. PAGE INNER	₹ 21,000/-
QTR. PAGE BACK	₹ 30,000/-

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

dc pess october 2026:Layout 1 02-10-2026 13:43 Page 8



राशन वितरण डीलर के चुनाव का राशन धारकों द्वारा किया गया बहिष्कार



उप्र कुशीनगर ब्लॉक बिशुनपूरा में ग्राम धौरहरा में राशन वितरण डीलर के लिए चुनाव होना था ,लेकिन चुनाव सभी राशन धारक ने मिलकर बहिष्कार कर दिया।अधिकारियों का कहना था कि ऊपर से आदेश है कि जितने प्रत्याशी हैं ,उनके लिए बारी बारी से हांथ उठाकर हार जीत का निर्णय किया जाएगा। जितने राशन धारक आए थे सभी का एक साथ एक मत से कहना था कि सिर्फ और सिर्फ राशन वितरण डीलर का निर्णय वोट डाल कर ही हार जीत का निर्णय होगा। चुनाव कराने की प्रक्रिया दो बार फेल गया ,दोनों बार राशन धारकों के दबाव और हो हल्ला के बीच अधिकारियों द्वारा चुनाव निरस्त करना पड़ा । 100% राशन धारकों कहना है कि हम वोट डाल कर ही हार जीत का निर्णय करेंगे, दूसरा कोई विकल्प नहीं मानेंगे। दिल्ली क्राइम प्रेस की टीम पूरे राशन धारकों के बीच जाकर बात की तो सभी का एक ही मत से कहना है कि सिर्फ और सिर्फ वोट डाल कर ही राशन वितरण डीलर का निर्णय लिया जाय। जो भी अधिकारी आए थे आश्वासन देकर गए हैं कि बड़े अधिकारी के पास वोट डालने का प्रस्ताव रखा जाएगा और फिर दोबारा से राशन वितरण डीलर का चुनाव कराया जाएगा। (**प्रेम रिपोर्टर आर एन सिंह & राज हुसैन**)

SOS | SURGICAL ONCOLOGY SOLUTIONS
Better Care • Brighter Tomorrow
MAX Healthcare
Together Against Cancer
विशेषताएँ (SPECIALITIES)
स्तन कैंसर (Breast Cancer)
मूत्र एवं गुर्दे का कैंसर (Urological Cancer)
फेफड़े का कैंसर (Thoracic / Lung Cancer)
स्त्री रोग का कैंसर (Gynaecological Cancer)
पाचन तंत्र का कैंसर (Gastrointestinal Cancer)
सिर एवं गर्दन का कैंसर (Head & Neck Cancer)

स्थान (LOCATION)
Max Super Speciality Hospital, Shalimar Bagh, Delhi-110088
Max Super Speciality Hospital, Dwarka, Delhi-110075
OPD TIMINGS :
MON - SAT : 09:00 - 05:00
For Appointment Call / WhatsApp
+91 8218819398
Dr. Anadi Pachaury
Associate Director & Unit Head
Surgical Oncology
Our Website
surgicaloncologysolutions.com
Advanced Cancer Care
Expert Team
Better Outcomes



बेतिया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा (SXHS)-2026' अभियान का शुभारंभ पश्चिम चम्पारण जिले में बैठक एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से किया गया। अभियान का आयोजन 17 सितम्बर 2026 से 02 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। इस वर्ष अभियान की थीम "स्वच्छता में सहभाग: स्वच्छ भारत, विकसित भारत" है।

मेरठ (परतापुर): काशी गांव में जलभराव से हाहाकार, घुटने भर पानी के बीच ठप हुआ जनजीवन



मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र स्थित काशी गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की स्थिति अत्यंत विकराल हो चुकी है, जिससे मुख्य सड़कों और गलियों में घुटने तक पानी भर जाने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुहाल हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और काम पर जाने वाले लोगों को बदबूदार व दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, वहीं कई घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान भी बर्बाद हो चुका है। लगातार जमा पानी से डेंगू, मलेरिया और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है और मच्छरों के प्रकोप से स्थानीय निवासी भयभीत हैं। प्रशासन की बेरुखी से नाराज ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पंप सेट लगाकर जल निकासी कराने और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग की है, साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पक्के ड्रेनेज सिस्टम का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। (**रिपोर्टर शाहिद हसन मेरठ ,सहयोगी दानिश मलिक**)

DELHI CRIME PRESS की सदस्यता के लाभ

इच्छुक व्यक्ति समाचार पत्र की आजीवन सदस्यता प्राप्त करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।
सदस्यता लेने के बाद मिलने वाले फायदे।
प्रभावशाली गौरवशाली राष्ट्रीय सेवा को समर्पित रोजगार।
निशुल्क विज्ञापन (एक विजिटिंग कार्ड साइज)।
सदस्यता पहचान पत्र व पेन।
दिल्ली क्राइम भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के स्टीकर (कार व बाइक के लिए)।
अपने क्षेत्र में अपने राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या पर लेख समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने का सुअवसर।
दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट (पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान) से प्रशिक्षण प्राप्त कर पत्रकार बनने का सुअवसर

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक इंद्रा द्वारा रॉयल ऑफसेट, 489 एफ.आई.ई, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली - 110092 से मुद्रित कराकर एम 64, हरी नगर, नई दिल्ली -110064 से प्रकाशित किया गया। संपादक : इंद्रा
Customer Care No. 8744884766, For News & Advertisement 8744882188, Email- info@delhicrimepress.in, website - delhicrimepress.in